ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिये प्रयास : तोमर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 17 सितम्बर. राष्ट्रीय श्रमिक दिवस विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में बुधवार 17 सितम्बर को श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित हुए समारोह में श्री तोमर ने भगवान विश्वकर्मा एवं राष्ट्र ऋषि के नाम से विख्यात श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य को लेकर दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने भारतीय मजदूर संघ के रूप में पौधा रोपा था, वह अब वट वृक्ष का रूप लेकर श्रमिकों के कल्याण में जुटा है। इस आयोजन में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के लगभग 500 श्रमिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री एवं संभागीय प्रभारी भारतीय मजदूर संघ श्री राजन नायर, विभाग संघ चालक श्री प्रहलाद सबनानी, विभाग प्रमुख भारतीय मजदूर संघ एवं सदस्य दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्री सुरेंद्र सिंह भदोरिया एवं कुल सचिव राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय श्री अजय कौशल उपस्थित थे।

प्रथम सत्र में श्रमिकों के लिए योग एवं उनके आहार बिहार पर जिला योग प्रभारी श्री दिनेश चाकणकर जी जिला योग सह प्रभारी क्रीड़ा भारती ने जानकारी दी। दत्तोपंत ठेगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक श्री पृथ्वीराज सिन्हा की टीम द्वारा श्रमिकों के ई-श्रम कार्ड बनाये जाने पर एवं श्रमिकों के हितों के लिए श्रम मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

श्री प्रहलाद सबनानी ने भारतीय मजदूर संघ द्वारा श्रमिकों के हित में किए गए कार्यों की सराहना की । ग्वालियर संभाग प्रभारी मध्य प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री श्री राजा नायर ने भगवान विश्वकर्मा के जीवन कृतित्व पर गहन चर्चा की एवं उनका पौराणिक मान्यता के बारे में बताया। साथ ही कहा भारतीय मजदूर संघ भारत में ही नहीं विश्व में कई जगह आई एल ओ में भी अपना प्रतिनिधित्व करता है।

भारतीय मजदूर संघ के ग्वालियर दतिया विभाग प्रमुख एवं संयोजक श्री सुरेंद्र सिंह भदोरिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार से रखी। इस अवसर पर श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में काम कर रहीं विभूतियां एवं बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद थे।

NAME CHANGE

I, **Army Service No. 15793522Y Rank- HAV Name- BIKASH MAITY** Residing at Village- Benapur, Post- Benapur Chandanapara, PS- Bagnan, District- Howrah, State- West Bengal, Pin- 711312 have changed my Wife's Name from **ANITA BHOWMIK** to **ANITA MAITY** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 771103 Dated 17/09/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

राजा गैस गोदाम के पास ट्रक ने मारी टक्कर, दो खंबे टूटे

ग्वालियर। गोल पहाड़िया क्षेत्र स्थित राजा गैस गोदाम के पास मंगलवार शाम लापरवाह चालक ने टक्कर मार कर बिजली के दो खंबे तोड़ दिए। ट्रक की टक्कर से विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे करीब 1 लाख रुपए का नुकसान हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने बिजली कंपनी के सहायक यंत्री की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला कायम कर लिया है।

गाजे बाजों से निकाली महावीर भगवान की भव्य शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 17 सितम्बर. सकल जैन समाज विनयनगर द्वारा क्षमावाणी महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विनयनगर में पहली बार रजतमयी पालकी में भगवान जी की शोभायात्रा निकाली गई, जो मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर में पहुंची।

पंडित राजेन्द्र जैन भिंड के सानिध्य में भगवान जी का कलशाभिषेक सौधर्म इंद्र संजय मीनाक्षी जैन द्वारा किया गया तथा शांतिधारा मीनाक्षी संजय जैन एवं संजीव जैन सीए ने की।

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गुलाजारी लाल जैन एवं सचिव आशीष जैन ने बताया कि इसके बाद सभी ने सामूहिक क्षमा याचना की। एक-दूसरे से एवं प्रत्येक जीव से विगत वर्ष में हुई भूल-चूक या अपशब्द के लिए क्षमा मांगी। इस अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर ग्वालियर के संजय चौधरी एवं मुकेश जैन अतिथि के रूप में उपस्थित रहे! समाज के प्रवक्ता ललित जैन भारती ने बताया कि इस अवसर पर जैन मिलन महिला रत्नात्रय विनयनगर ने मंगलाचरण एवं नृत्यनाटिका प्रस्तुत की। वहीं विनयनगर के बालक-बालिकाओं ने संजीव जैन सीए के मार्गदर्शन में मोक्ष के प्रेमी नाट्य मंचन किया, जिसे देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गए।

फ्रॉडस्टर ने उड़ाए 81,500 रुपए सायबर विंग ने करवाए वापस

ग्वालियर.फ्रॉडस्टर ने एक युवक के खाते से 81500 रुपए उड़ा दिए, जिसे सायबर विंग ने मशक्कत कर उसके खाते में पुन: वापस करवा दिए हैं। सायबर क्रिमिनल्स द्वारा मोबाइल खरीदने के एवज में उक्त राशि ठग ली गई थी। जिसकी फरियादी ने 1930 पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी। पोर्टल के माध्यम से उक्त शिकायत क्राइम ब्रांच ग्वालियर में प्राप्त होने पर क्राइम ब्रांच टीआई अमित शर्मा एवं साइबर विंग प्रभारी धर्मेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा एसआई शुभम सिंह परिहार के नेतृत्व में साइबर टीम को मामले की पड़ताल में लगाया गया। साइबर टीम द्वारा ठगे गए 81500 रुपए पर होल्ड लगवाया गया।

NAME CHANGE

I, **Army Service No. 23005704L Rank- LNK Name- RUKESH SINHA** Residing at Village- Kalkalia, Post- Kalkalia, PS- Bishalgarh, Tehsil- Golaghati District- Sepahijala, State- Tirpura, Pin- 799102 have changed my Mother's Name from **KHELA SINHA** to **KHELA SINGHA** & Date of Birth from **10/02/1978** to **01/01/1979** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 771099 Dated 17/09/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

कार्यालय आयुक्त नगर पालिक निगम ग्वालियर

क्र. 2912/14×3/11 / सम्पत्तिकर/25
ग्वालियर, दिनांक.../09/2025
श्रीमती संध्या कुशवाह
विरूद्ध
बेवा भागवती कुशवाह आदि

आम-सूचना

श्रीमती संध्या कुशवाह पुत्री स्व. श्री केशव प्रसाद कुशवाह, निवासी- ललितपुर कॉलोनी, शंकर चौक, ग्वालियर द्वारा क्षेत्र क्र. 12 वार्ड क्र. 45 में स्थित सम्पत्ति पर पिता की मृत्यु उपरांत नामांकन हेतु आवेदन दिया गया था, नामांकन प्रकरण 2912/14×3/11 दिनांक 10.06.2014 को सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया गया हैं। उक्त नामांकन के विरूद्ध बेवा भागवती कुशवाह/स्व. श्री पतराम कुशवाह, श्री कपिल, श्री वेदप्रकाश, श्री यशवंत कुशवाह नि.- ललितपुर कॉलोनी के द्वारा नामांकन पर आपत्ति प्रस्तुत की गई है। उक्त आपत्ति की सुनवाई हेतु समय-समय पर उभय पक्षों को पत्र जारी किये गये, जिसमें आपत्तिकर्ता सुनवाई के समय उपस्थित रहे लेकिन श्रीमती संध्या कुशवाह पुत्री स्व. श्री केशव प्रसाद कुशवाह द्वारा अपनी उपस्थिति कार्यालय में दर्ज नहीं करायी गयी। एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं श्रीमती संध्या कुशवाह पुत्री स्व. श्री केशव प्रसाद कुशवाह, निवासी- ललितपुर कॉलोनी, शंकर चौक ग्वालियर को सूचित किया जाता है कि नामांकन प्रकरण 2912/14×3/11 में सुनवाई हेतु नियत की गई आगामी तिथि 24.09.2025 समय 03:00 बजे कक्ष क्र. 213 में निगम मुख्यालय में उपस्थित होवें उपस्थित न होने की दशा में आवश्यकतानुसार कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

अपर आयुक्त
सम्पत्तिकर
नगर निगम ग्वालियर

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ शपथकर्ता की पुत्री **तस्यम सोलंकी** की कक्षा 10 वी अंकसूची में पुत्री की **जन्म दिनांक 01.01.2008** अंकित हो गयी है। जबकि मेरी पुत्री **तस्यम सोलंकी** के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में उसकी वास्तविक **जन्म दिनांक 01.01.2009** अंकित है जो कि सही है। मेरी पुत्री **तस्यम सोलंकी** की कक्षा 10वी की अंकसूची में मेरा नाम **विजेन्द्र सोलंकी** (**VIJENDRA SOLANKI**) लिखा हुआ है जबकि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम **बिजेन्द्र प्रताप सिंह सोलंकी** (**BRIJENDRA PRATAP SINGH SOLANKI**) है जो कि सत्य है। **बिजेन्द्र प्रताप सिंह सोलंकी** एवं **बिजेन्द्र सोलंकी** एक ही व्यक्ति का नाम होकर मुझ शपथकर्ता का ही नाम है। जिसकी समस्त जबावदारी मेरी स्वयं की रहेगी। अतः मुझ शपथकर्ता की पुत्री **तस्यम सोलंकी** की कक्षा 10वी अंकसूची में उसकी जन्म दिनांक **1.01.2008** के स्थान पर सही जन्म दिनांक **01.01.2009** एवं मेरा नाम विजेन्द्र सोलंकी (**VIJENDRA SOLANKI**) के स्थान पर पूर्ण नाम **बिजेन्द्र प्रताप सिंह सोलंकी** (**BRIJENDRA PRATAP SINGH SOLANKI**) दर्ज किया जाए।

शपथकर्ता
नाम-बिजेन्द्र प्रताप सिंह सोलंकी
पुत्र श्री प्रहलाद सिंह सोलंकी
निवासी- ग्राम पंचायत मेहगांव, पोस्ट मेहगांव, तहसील चीनौर, जिला- ग्वालियर (म.प्र.)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

ई-नीलामी विक्रय निरस्तीकरण सूचना

ग्वालियर दिनांक 2 सितंबर 2025 को दैनिक नवभारत ग्वालियर के पेज नंबर 12 पर प्रकाशित ई-नीलामी विक्रय सूचना में ऋणी श्रीमती गुड्डी देवी पत्नी श्री दाताराम पट्ठापुरिया की ई-नीलामी विक्रय सूचना बैंक ऑफ़ बड़ौदा के द्वारा अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है अतः सर्व साधारण सूचित हो ।

प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व सूचित हों कि मेरे पुत्र की **CBSE** 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची में नाम सौम्य जाट (**SOMYA JAT**) दर्ज है, मुझे अपने पुत्र का नाम बदलकर वैभव जाट (**VAIBHAV JAT**) दर्ज कराना है। अतः मेरे पुत्र की 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची के साथ आधार कार्ड एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम सौम्य जाट (**SOMYA JAT**) के स्थान पर वैभव जाट (**VAIBHAV JAT**) दर्ज किया जावे। सौम्य जाट एवं वैभव जाट दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के है। भविष्य में मेरे पुत्र को वैभव जाट (**VAIBHAV JAT**) के नाम से जाना पहचाना जावे। इस हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सूचना कर्ता
जितेन्द्र सिंह जाट पुत्र श्री नाहर सिंह जाट
निवासी - एच.जी. एमराल्ड ग्रीन ग्रुप बड़गांव ओवरब्रिज के पास, एस्पायर 1A- 604, मुरार, जिला ग्वालियर, म.प्र.

जेएएच में एंबुलेंस चालक और सुरक्षा गार्डों के बीच मारपीट

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 17 सितम्बर. जेएएच कैंपस में निजी एंबुलेंस चालकों की दलाली प्रथा पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। यदि कोई अस्पताल कर्मी उनकी इस मनमानी पर अंकुश लगाने का प्रयास करता है, तो वह गुंडागर्दी करने से भी बाज नहीं आते हैं। ऐसा ही एक मामला बीते रोज सामने आया है, जिसमें सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के सामने खड़ी निजी एंबुलेंस को गार्ड द्वारा हटाने के लिए कहा गया, तो उसका चालक विवाद करने लगा। जिसने उसकी मारपीट तक कर डाली। इसका पता लगने पर सिक्युरिटी सुपरवाइजर ने बीच बचाव कराया, तो एंबुलेंस संचालक ने कंपू थाने पहुंचकर उन दोनों के खिलाफ ही मारपीट करने की उल्टी एफआईआर दर्ज करवा दी। जेएएच में सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के सामने निजी एंबुलेंस खड़ी देखकर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड अभिषेक रावत ने उसे हटाने के लिए कहा, तो एंबुलेंस चालक चंदन रजक निवासी जिगना (दतिया) उससे विवाद करने लगा। इस पर गार्ड ने उसे बताया कि हॉस्पिटल कैंपस में निजी एंबुलेंस खड़ी करने की अनुमति नहीं है। यह सुनते ही चंदन ने गाली गलौज करते हुए उसकी मारपीट करना शुरू कर दी।

इसका पता लगने पर सुरक्षा सुपरवाइजर मीनेश नरवारे ने मौके पर पहुंचकर दोनों को शांत करवाया। इसके बाद चंदन ने कंपू थाने पहुंच गया, जहां उसने शिकायत कर दी कि वह एंबुलेंस खड़ी करके नाश्ता कर रहा था, तभी सुरक्षा कर्मी अभिषेक व मीनेश ने गाड़ी हटाने को लेकर विवाद करते हुए उसकी मारपीट कर दी। उसकी शिकायत पर पुलिस ने भी बिना हकीकत जाने अभिषेक व मीनेश को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 296, 351(3) व 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली। जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि पहले एंबुलेंस चालक ने ही उनके साथ मारपीट की है, जिसका वीडियो भी उनके पास है।

इनका कहना है

एंबुलेंस संचालक ने जेएएच के सुरक्षाकर्मियों द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत की है, जिस पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यदि दूसरे पक्ष के पास कोई साक्ष्य हैं, तो वह प्रस्तुत करे, उसके आधार पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अमरसिंह सिकरवार टीआई, कंपू

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 05 भवन क्रमांक 3387 स्थान 89 शील नगर में स्थित है जो कि श्रीमती खुशबू राजपूत/ पति श्री सुरेन्द्र सिंह राजपूत के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000197850 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 1162 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक 0101212107202501846 दिनांक 21/07/2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर के पास क्षेत्र क्रमांक 01 आवेदन दिनांक 17/09/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010/72658/72865 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17.09.2025

आवेदक का नाम
श्रीमती अनीता सिघंल
पति श्री अनिल कुमार सिघंल
89 शील नगर वार्ड-05

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 05 भवन क्रमांक स्थान अकबरपुर मुजकता में स्थित है जो कि श्रीमती नीतू शर्मा /पति श्री राकेश कुमार शर्मा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1001842208 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 592 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक 01012101092025005274 दिनांक 01/09/2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर के पास क्षेत्र क्रमांक 01 आवेदन दिनांक 16/09/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010/72638/72845 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17.09.2025

आवेदक का नाम
श्रीमती भगवती रायकबार
पति श्री कैलाश रायकबार
अकबरपुर मुजकता वार्ड-05

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 01 भवन क्रमांक 2922 स्थान फ्लैट - 04 ब्लॉक- B जय विहार परिसर में स्थित है जो कि श्री ब्रजेश निगम/पिता श्री राज नारायण निगम के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1004472818 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 1170 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक 01012102052025007729 दिनांक 02/05/2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर के पास क्षेत्र क्रमांक 01 आवेदन दिनांक 17/09/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010/72656/72863 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17.09.2025

आवेदक का नाम
श्री शुभम शर्मा
पिता श्री राजेश शर्मा
प्लॉट -04 ब्लॉक- B जय विहार परिसर वार्ड -01

NAME CHANGE

I, **Army Service No. 15785720P Rank- HAV Name- ABHISHEK KUMAR** Residing at Village- Sarank, Post- Rohua, Tehsil- Ballia, District- Ballia, State- Uttar Pradesh, Pin- 277211 have changed my Mother's Name from **URMILA** to **URMILA TIWARI** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 771102 Dated 17/09/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

CHANGE OF NAME & DOB

I, **Army Service No. 15794764N Rank- L/HAV Name- GOHIL VISHALSINH VARSUBHA** Residing at Village- Ambla, Post- Ambla, Tehsil- Sihor, District- Bhavnagar, State- Gujarat, Pin- 364210 have changed my Mother's Name from **VARSUBHA** to **GOHIL VARSUBHA** & Date of Birth from **01/07/1957** to **01/01/1958** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 771098 Dated 17/09/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

सजने लगा श्रीराम का दरबार, 21 को सुंदरकांड, 22 से होगा लीला का मंचन

ग्वालियर। श्री रामलीला समारोह समिति लश्कर के तत्वावधान में होने वाली रामलीला का मंचन 22 सितंबर से किया जाएगा। इस बार रामलीला का मुख्य आकर्षण प्रभु श्री राम की आकर्षक बारात होगी। पहली बार राम बारात लश्कर के प्रमुख बाजारों से निकाली जाएगी। फूलबाग मैदान में रामलीला की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मंच सजाने का काम तेजी से किया जा रहा है। रामलीला करने वाले कलाकार 20 सितंबर को ग्वालियर पहुंच जाएंगे। श्री रामलीला समारोह समिति के संयोजक पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार रामलीला का मुख्य आकर्षण राम बारात होगी। पहली बार राम बारात फालका बाजार स्थित श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर ऊंट पुल, जयेंद्रगंज, दाल बाजार, नया बाजार, लोहिया बाजार, पाटनकर बाजार, दौलतगंज, महाराज बाड़ा, सराफा बाजार होते हुए राम मंदिर पर समाप्त होगी। यहां से रामलीला केकलाकार रामलीला स्थल पर पहुंचकर लीला का मंचन करेंगे।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 08 भवन क्रमांक... स्थान महेन्द्र नगर, गदाईपुरा में स्थित है जो कि नारायण सिंह/भीकम सिंह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक... पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए1/14412/5 दिनांक 21/08/2003 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 17/09/2025 को किया दिया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 75/2011 /54420/54359 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-09-2025
आवेदक का नाम/पता
इन्द्र भान सिंह भदौरिया/रघुराज सिंह
पता: महेन्द्र नगर, गदाईपुरा, ग्वालियर म.प्र.
मों नं: 8857412457

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 08 भवन क्रमांक... स्थान शिव नगर, महेन्द्र नगर, गदाईपुरा में स्थित है जो कि भूरी बाई/मानसिंह नरवरिया के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000128388 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 760 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी21/जीआर17402025ए100830575 दिनांक 16/09/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 17/09/2025 को किया दिया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 75/2011 /54421/54360 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-09-2025
आवेदक का नाम/पता
प्रीती नरवरिया/विकास नरवरिया
पता: शिव नगर, महेन्द्र नगर, गदाईपुरा, ग्वालियर म.प्र.
मों नं: 7049832814

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 20, वार्ड क्रं 47, भवन क्रं 193, स्थान उटारखाना, कंगीवाला मौहल्ला माधौगंज लश्कर ग्वा0 मे स्थित है जो कि श्रीमती रामकली कुशवाह/स्व. महेन्द्र उर्फ मक्खन कुशवाह, कन्हैयालाल, संतोष कुमार/स्व. बाल किशन के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000337058 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1178 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र R-29082509267269 दिनांक 29.08.2025 से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र 20 सिंधी कॉलोनी बरार समाज, क्षे.क्र 20, पर दिनांक 17.09.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्र 74/2010/64536/64632 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17.09.2025

आवेदक-श्रीमती सोनिया सिंह/कैलाश सिंह, श्रीमती खुशबू/सत्यवीर सिंह राजपूत पता-गंजीवाला मोहल्ला धानमिल के पास देवनगर उटारखाना माधौगंज ग्वा0, मो0-7566271518

नाम परिवर्तन सूचना

मैं नरेन्द्र सिंह यादव NARENDRA SINGH YADAV Army Service No. 4209217N, Rank- Sepoy निवासी- ग्राम- भानपुरा नं. - 1, बडखेरा, पीओ- कुल्हुआ बडखेरा, जिला- कटनी म.प्र. पिन- 483442 सूचित करता हूँ कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम संतोष बाइ SANTOSH BAI त्रुटिवष अंकित हो गया है जबकि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में नाम संतोष बाई यादव SANTOSH BAI YADAV अंकित है जो कि सत्य व सही है। अतः मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम संतोष बाई SANTOSH BAI के स्थान पर संतोष बाई यादव SANTOSH BAI YADAV दर्ज किया जावे। आधार नं. 9509 7704 2798 से सत्यापित किया गया।

NAME CHANGE

मैं नरेन्द्र सिंह यादव NARENDRA SINGH YADAV Army Service No. 4209217N Rank- Sepoy निवासी- ग्राम- भानपुरा नं. - 1, बडखेरा, पीओ- कुल्हुआ बडखेरा, जिला- कटनी म.प्र. पिन- 483442 सूचित करता हूँ कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिताजी का नाम श्याम सुन्दर SHYAM SUNDAR त्रुटिवष अंकित हो गया है जबकि मेरे पिताजी के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में नाम श्याम सुन्दर यादव SHYAM SUNDAR YADAVअंकित है जो कि सत्य व सही है। अतः मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिताजी का नाम श्याम सुन्दर SHYAM SUNDAR के स्थान पर श्याम सुन्दर यादव SHYAM SUNDARYADAV दर्ज किया जावे। आधार नं. 4326 9757 0554 से सत्यापित किया गया।

NAME CHANGE

I, **Army Service No. 15785720P Rank- HAV Name- ABHISHEK KUMAR** Residing at Village- Sarank, Post- Rohua, Tehsil- Ballia, District- Ballia, State- Uttar Pradesh, Pin- 277211 have changed my Father's Name from **AWADHESH KUMAR** to **AWADHESH KUMAR TIWARI** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 771097 Dated 17/09/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

CHANGE OF NAME & DOB

I, **Army Service No. 15794764N Rank- L/HAV Name- GOHIL VISHALSINHVARSUBHA** Residing at Village- Ambla, Post- Ambla, Tehsil- Sihor, District- Bhavnagar, State- Gujarat, Pin- 364210 have changed my Mother's Name from **GYAN BA** to **GOHIL GINANBA** & Date of Birth from **01/07/1961** to **01/01/1961** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 771100 Dated 17/09/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

एक नजर में

मोदी के जन्मदिन पर हॉकी मैच का आयोजन

ग्वालियर 17 सितम्बर. नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्वालियर के तत्वाधान में स्थानीय दर्पण मिनी स्टेडियम पर हॉकी प्रदर्शन मैच का आयोजन किया गया, उक्त मैच ध्यान चंद 11 एवं रूप सिंह 11 के मध्य खेला गया जिसमें रूप सिंह 11 ने 3-1 से जीत हासिल की! उक्त मैच में ध्रुव शर्मा, वंश श्रीवास्तव, प्रशांत राठोर ने गोल किये! इस अवसर पर दर्पण हॉकी फीडर सेंटर के प्रभारी अविनाश भटनागर (एन आई एस) हॉकी प्रशिक्षक एवं संगीता दीक्षित मौजूद रही.

सामूहिक दुर्गा चालीसा का कन्या पूजन कर पंजीयन शुरू

ग्वालियर 17 सितंबर। सकल सनातनी हिंदू समाज के सुख समृद्धि शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य शहर के पास को लेकर 28 सितंबर को दोपहर 3 बजे सनातन धर्म मंदिर परिसर में, माता मंदिर के समक्ष, सामूहिक श्री दुर्गा चालीसा पाठ का संगीतमय होगा। कार्यक्रम में जोडे के साथ पंजीयन करने वाले को श्री दुर्गा चालीसा चित्र के साथ, पूजन सामग्री, प्रसाद मात्र इकतीस रूपए दक्षिणा भेंट देकर प्राप्त होगी। पंजीयन 23 सितंबर तक प्रधान कार्यालय ऊंट पुल जिंसी नाले लश्कर पर होगा। 18 सितंबर को सायं काल ठीक 5:00 बजे प्रधान कार्यालय,ऊंट पुल पर भगवान विष्णु लक्ष्मी का पूजन मुख्य यजमान करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ.राजकुमार आचार्य, कुलगुरु जीवाजी विश्वविद्यालय, मुख्य वक्ता विनोद भार्गव, ज्वाइंट कमिश्नर परिवहन, अति विशिष्ट अतिथि नरोत्तम भार्गव सीईओ ग्वालियर विकास प्राधिकरण, श्रीमती साधना शर्मा सहायक कुल सचिव जीवाजी विश्वविद्यालय एवं विशेष अतिथि के रूप में सभी ब्राह्मण संगठनों के अध्यक्ष मंचासीन रहेंगे। तथा अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा करेंगे। सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। सभी से भाग लेने की अपील की है।

केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में जिला अस्पताल के चिकित्सक ने दिए टिप्स

ग्वालियर। केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) महाराजपुरा में हेल्थ फॉर ऑल सेमिनार रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अस्पताल मुरार के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मुकेश सिंह तोमर थे। आयोजन की शुरुआत संस्था के कोर्डिनेटर पुरुषोत्तम ओझा ने की। श्री ओझा ने कहा, संस्थान के गठन, मैन्युफैक्चरिंग और प्लास्टिक के विभिन्न प्रकार के उपयोग और संस्थान के बारे में जानकारी दी। डॉ. मुकेश सिंह तोमर ने बताया कि शरीर को कैसे बेहतर और रोग मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अच्छे खानपान, नियमित व्यायाम, नेचुरल पदार्थों पर निर्भर रहने, ब्लड डोनेशन और उससे होने वाले फायदे बताए। वहीं ब्लड प्रेशर और शुगर को कैसे नियंत्रित किया जाए, इस पर संस्थान में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने संस्थान का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाएं भी देखीं। अंत में केंद्रीय संस्थान के निदेशक टीएम वेदचलम ने मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश सिंह तोमर को शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्थान के निदेशक, कोर्डिनेटर, मैनेजर, संस्थान के विद्यार्थी सहित स्टाफ उपस्थित रहे।

स्वास्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत हुआ एलिट कांनसेप्ट क्लासिस

ग्वालियर। आरोग्य भारती कुपोषण आयाम द्वारा आज च्स्वास्थ नारी सशक्त परिवारज्ज अभियान के तहत एलिट कांनसेप्ट क्लासिस कार्यक्रम का आयोजन उरवाई गेट के पास,विनय नगर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरि एवं भारत माता के छायाचित्र पर माला पहनाकर व दीप प्रजुलीत कर हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में आरोग्य भारती के महानगर अध्यक्ष डॉ.राहुल सप्रा एवं महिला आयाम कि अध्यक्ष अंजलि रायजादा ने कोचिंग में उपस्थिति किशोरियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति होने वाली समस्याओं के बारे मैं उनको जानकारी दी स्वास्थ जीवन एव स्वास्थ खान-पान के बारे मैं उन्हें अवगत कराया जिसमें कि आभार प्रकट कुपोषण आयाम प्रभारी विकास भट्ट ने एवं शांति स्तवंन डॉ .कमल कदम ने किया इसमें मुख्य रूप से उपस्थिति कोचिंग संचालक राजेश धाकड़ एवं विनोद राज वर्मा और बड़ी संख्या मैं छात्राएं उपस्थिति थी।

अपर आयुक्त ने किया गारंटी पिरियड की सड़कों का निरीक्षण

ग्वालियर 17 सितम्बर. नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बरसात में खराब हुई सड़कों पर किए जा रहे पेंच रिपेयरिंग कार्य एवं गारंटी पिरियड की सड़कों को निरीक्षण कर देखा जा रहा है। इसी क्रम में आज अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार द्वारा हजार बिस्तर रोड आमखो, राज पाएगा रोड, नया बाजार रोड, कंपू से महाराज बाडा एवं गारंटी पीरियड की सड़क खासगी बाजार में ठेकेदार द्वारा किया गया पेंच वर्क का निरीक्षण किया इसके साथ ही गांधी मार्केट में सीसी रोड निर्माण कार्य निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों द्वारा अन्य क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री श्री देव प्रकाश निरंजन, क्षेत्राधिकारी श्री सत्येंद्र उपाध्याय, श्री सौरव शाक्य, श्री सत्येंद्र सिंह सोलंकी उपस्थित रहे।

अधिकारियों के कार्यों में किया फेरबदल

ग्वालियर 17 सितम्बर. कार्य सुविधा एवं प्रशासनिक दृष्टि से अधिकारियों के कार्यों में फेरबदल किया गया है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा जारी आदेशानुसार उपयंत्री श्री राकेश कुशवाह को वार्ड क्रमांक 65 के अंतर्गत प्रभारी सहायक यंत्री का दायित्व सौंपा गया है तथा श्री राजीव सिंघल प्रभारी सहायक यंत्री वार्ड क्रमांक 65 के दायित्व मुक्त रहेगें एवं इनके शेष कार्य यथावत रहेंगे। इसके साथ ही उपयंत्री श्री महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल को वार्ड क्रमांक 18,19,20,21 एवं 22 अंतर्गत प्रभारी सहायक यंत्री जल प्रदाय, सीवर का दायित्व सौंपा गया तथा श्री एपीएस भदौरिया प्रभारी सहायक यंत्री उक्त दायित्व से मुक्त रहेगें एवं इनके शेष कार्य यथावत रहेगें।

कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी

ग्वालियर 7 सितम्बर. कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रभारी उपयंत्री जलप्रदाय वार्ड 19 श्री निमेष माहौर एवं क्षेत्राधिकारी क्षेत्र क्रमांक 2 श्री अमित साहू को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के द्वारा जारी आदेशानुसार प्रभारी उपयंत्री जलप्रदाय वार्ड 19 श्री निमेष माहौर को सीवर चोक होने की शिकायत क्षेत्रीय नागरिक द्वारा की गई परंतु उपयंत्री श्री माहौर द्वारा शिकायत का निराकरण नहीं कराया गया। शिकायतकर्ता द्वारा बार बार सीवर समस्या से अवगत कराने पर भी निदान नहीं कराया गया। कार्य में लापरवाही बरतने पर उपयंत्री श्री माहौर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।